



## Patna University In News (03.10.2022)

दैनिक भास्कर

**न्यू लुक** • 138.57 करोड़ में बनने जा रहे नए मुख्यालय व एकेडमिक भवन का डिजाइन तैयार

# पटना विवि : 9 मंजिल का होगा एकेडमिक भवन, हर फ्लोर पर होगी अलग-अलग विषय की पढ़ाई

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय के नए मुख्यालय व एकेडमिक भवन का डिजाइन तैयार कर लिया गया है। जी प्लस 8 का पीयू मुख्यालय व जी प्लस 9 का विवि का नया एकेडमिक भवन बनेगा, जिसमें आर्ट्स के सभी पीजी विभाग शिफ्ट होंगे। बिहार राज्य एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (बीएसईआईडीसी) के द्वारा डिजाइन पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए जमीन चिह्नित कर कॉरपोरेशन को दे दिया है। भवन निर्माण के लिए 138.57 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है, एक किस्त जारी भी कर दिया गया है। काम शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भवन का शिलान्यास करेंगे। जल्द ही शिलान्यास की तिथि की घोषणा भी की जाएगी।

## ऑडिटोरियम व ग्रीन रूम, प्रेजेंटेशन हॉल, जीडी व इंटरव्यू रूम होंगे

### एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक



**ग्राउंड फ्लोर** : ऑडिटोरियम व ग्रीन रूम, कैंटीन, एंट्रेंस लॉबी, **पहला फ्लोर** : रेकार्ड रूम, मल्टी परपस हॉल, सिक्योरिटी रूम, प्रॉक्टर चैंबर, आउटसोर्सिंग रूम, सर्वर रूम, **दूसरा फ्लोर**, प्रेजेंटेशन हॉल, जीडी व इंटरव्यू रूम, रजिस्ट्रेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन सेक्शन,डी एंडी पी सेल, **तीसरा फ्लोर** : डायरेक्टर आइक्यूएसी, डायरेक्टर रिसर्च सेल, प्रोफेसर इंचार्ज आइटी सेल, मीटिंग रूम, यूइ चैंबर, डीओ चैंबर, इंजीनियर ऑफिस, **चौथा फ्लोर** : बजट सेक्शन एंड एंडोवमेंट सेक्शन, पेंशन सेक्शन, पीएफ सेक्शन, अकाउंट सेक्शन, ऑडिट सेक्शन, बी एंड ए ऑफिसर चैंबर, एफओ एंड एफए चैंबर, **पांचवा फ्लोर** : जेनरल-स्थापना-एकेडमिक सेक्शन, डिप्टी रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार चैंबर, **छठा फ्लोर** : पीएचडी सेक्शन,**सातवां फ्लोर** : डीन ऑफिस, प्रोवीसी चैंबर, **आठवां फ्लोर** : रिकार्ड रूम, मीटिंग रूम, कुलपति चैंबर, कॉफ्रेंस कम सिंडिकेट हॉल, एकेडमिक काउंसिल हॉल, मल्टी परपस हॉल

### एकेडमिक ब्लॉक




**ग्राउंड फ्लोर** : कॉमन ब्वॉयज एंड गर्ल रूम, कैंटीन, सिक रूम, डॉक्टर्स रूम **पहला फ्लोर** : सोशल साइंस, मानविकी लाइब्रेरी, रिकार्ड रूम, फोटो कॉपी-प्रिंटिंग रूम **दूसरा फ्लोर** : इतिहास विभाग **तीसरा फ्लोर** : संस्कृत, समाज शास्त्र विभाग **चौथा फ्लोर** : उर्दू व अर्थशास्त्र विभाग, **पांचवा फ्लोर** : बंगाली, राजनीति विज्ञान विभाग **छठा फ्लोर** : मैथिली व हिंदी विभाग **सातवां फ्लोर** : अंग्रेजी, अरबी व फारसी विभाग **आठवां फ्लोर** : दर्शनशास्त्र व मनोविज्ञान विभाग **नौवां फ्लोर** : होम साइंस व पीएमआइआर विभाग( सभी विभागों में कॉमन हॉल, क्लास रूम, विभागाध्यक्ष रूम, फैकल्टी कैबिन, लैंग्वेज लैब, ट्यूटोरियल रूम, विभागीय ऑफिस आदि होंगे। )

▪ भवन का नया डिजाइन तैयार है। पूर्व में विवि के द्वारा जो डिजाइन दिया गया था, उसमें बदलाव कर नया डिजाइन स्वीकृत हुआ है। आगे विवि एक बड़ा कॉन्फ्रेंस हॉल और साइंस ब्लॉक के लिए विवि प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसे राज्य सरकार को भेजा जाएगा। शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर ने विवि के द्वारा भेजे प्रस्तावों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। **प्रो गिरीश कुमार चौधरी, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय**

# पटना विवि में मनायी गयी बापू व शास्त्री जी की जयंती

**पटना.** पटना यूनिवर्सिटी (पीयू) में रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी. कार्यक्रम में कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि देश को गांधी जी के स्वराज व स्वदेशी के विचारों पर चलने की जरूरत है. खादी का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करने की जरूरत है. कुटीर उद्योग को तरजीह देने की जरूरत है. जिससे देश की अर्थव्यवस्था विकासशील देश से विकसित देश की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्रिय योगदान होगा. उन्होंने देश के विकास में लाल बहादुर शास्त्री के योगदान की भी चर्चा की. पीयू लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक प्रो शेफाली रॉय मुख्य वक्ता थीं. उन्होंने गांधीवादी जीवन शैली का अर्थ और उनके सिद्धांतों के बारे में बताया. मौके पर संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो अनिल कुमार, कुलानुशासक प्रो रजनीश कुमार, कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार, आइक्यूएसी के निदेशक प्रो वीरेंद्र प्रसाद, पटना कॉलेज प्राचार्य प्रो राजकिशोर प्रसाद, रिसर्च डेवलपमेंट काउंसिल निदेशक प्रो परिमल कुमार खान व डॉ अशोक झा ने माल्यार्पण किया.

प्रभात खबर
Mon, 03 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.cor




## Patna University In News (03.10.2022)

### दरभंगा हाउस खाली होने पर वाणिज्य महाविद्यालय को किया जायेगा शिफ्ट

# पीयू के भवनों का डिजाइन बदला

अनुराग प्रधान, पटना

पटना यूनिवर्सिटी के प्रस्तावित प्रशासनिक और एकेडमिक भवनों का निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जायेगा. पहले से प्रस्तावित प्रशासनिक और अकादमिक भवनों के डिजाइन में बदलाव किया गया है. नया डिजाइन कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने पीयू के स्थापना दिवस एक अक्तूबर को जारी किया. कुलपति ने कहा कि साल भर पहले इन दोनों भवनों का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन डिजाइन में कुछ खास बदलाव किये गये हैं. डिजाइन को अंतिम रूप देने से पहले ऊंचाई संबंधी पाबंदियों पर भी गौर किया गया. उसके अनुसार ही डिजाइन में बदलाव किये गये हैं. नयी बिल्डिंग के लिए टेंडर जल्द ही जारी किया जायेगा. दिसंबर-जनवरी में आधारशिला रखी जायेगी.



**अब इसे ग्राउंड फ्लोर पर बनेगा सभागार** : पीयू के प्रशासनिक और एकेडमिक भवन आठ-आठ फ्लोर के बनेंगे. पीयू के नये बिल्डिंग परिसर में जी प्लस 8 (भूतल और आठ मंजिल) प्रशासनिक खंड बनेगा. पिछली योजना के अनुसार टॉप फ्लोर पर सभागार बनना था, लेकिन अब इसे ग्राउंड फ्लोर पर बनाया जायेगा. वहीं, एकेडमिक खंड जी प्लस 8 होगा. हर फ्लोर पर औसतन दो विभाग होंगे. इस भवन में एक पुस्तकालय भी होगा. प्रशासनिक खंड में सामान्य, प्रतिष्ठान, पंजीकरण और अन्य विभाग होंगे. साथ ही प्रतिकुलपति कार्यालय और अन्य ऑफिस होंगे. परियोजना पर 139 करोड़ के खर्च का अनुमान है. इधर खाली होने के बाद पुराने प्रशासनिक खंड का उपयोग वोकेशनल कोर्स के लिए होगा. पीजी डिपार्टमेंट के नये भवन में शिफ्ट होने के बाद वाणिज्य महाविद्यालय दरभंगा हाउस में स्थानांतरित होगा. वहीं, व्हीलर सीनेट हाउस के जीर्णोद्धार के लिए 2.84 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं.

### एकेडमिक ब्लॉक के छठे तल पर होगा हिंदी विभाग

एकेडमिक ब्लॉक ग्राउंड फ्लोर पर कॉमन रूम, पहले पर सोशल साइंस व मानविकी संकाय लाइब्रेरी, दूसरे पर हिस्ट्री, तीसरे पर संस्कृति व सोशियोलॉजी, चौथे पर उर्दू, इकोनॉमिक्स, पांचवें पर बंगाली, पॉलिटिकल साइंस, छठे पर मैथिली व हिंदी विभाग, सातवें पर अंग्रेजी, अरबी, परसियन, आठवें पर फिलॉसफी व साइकोलॉजी, नौवें पर होम साइंस डिपार्टमेंट संचालित होंगे. वहीं, प्रशासनिक भवन के ग्राउंड फ्लोर पर सभागार, कैंटीन, प्रवेश द्वार, प्रथम पर रिकॉर्डिंग रूम, प्रॉक्टर ऑफिस व अन्य, दूसरे पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, रजिस्ट्रेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन सेक्शन व अन्य, तीसरे पर डायरेक्टर आइक्यूएसी, मीटिंग रूम व अन्य, चौथे पर बजट सेक्शन, एकाउंट व अन्य, पांचवें पर जेनरल सेक्शन व अन्य, छठे पर पीएचडी सेक्शन, परीक्षा नियंत्रक ऑफिस व अन्य, सातवें पर डीन ऑफिस, प्रोवीसी चैंबर व अन्य, आठवें पर कुलपति चैंबर व अन्य.


प्रभात खबर
Mon, 03 October 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70383853



दैनिक जागरण


# ज्यादा से ज्यादा करें खादी का उपयोग : कुलपति

जासं, पटना : पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने कहा कि आज की तारीख में देश को गांधी जी के स्वराज एवं स्वदेशी के विचारों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने ये बातें विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कहीं। उन्होंने महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि खादी का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें। कुटीर उद्योग को तरजीह देने की जरूरत है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था विकासशील देश से विकसित देश की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्रिय योगदान होगा। लोक प्रशासन संस्थान की निदेशक प्रो. शेफाली राय ने भी विचार व्यक्त की। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार, कुलानुशासक प्रो. रजनीश कुमार, कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार, आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. वीरेंद्र प्रसाद, पटना साइंस कालेज प्राचार्य प्रो. राजकिशोर प्रसाद व अन्य ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया।